बाबा लखदातार | By Sunita Goyal

कर दो वारे न्यारे मेरे कर दो वारे न्यारे
सुनो बाबा लखदातार मेरे कर दो वारे न्यारे

सुनते हो सबके मन की मेरी भी सुननी पड़ेगी
मेरी भी कलाई बाबा तुमको पकड़नी पड़ेगी
मैं दुर्बल लाचार बाबा कर दो वारे न्यारे
सुनो बाबा लखदातार मेरे कर दो वारे न्यारे

चर्चे हैं मोरछड़ी के मेरे भी झाड़ा लगा दो
मझधार में अटकी नैया आकर के पार लगा दो
लाखों का किया उद्धार मेरे कर दो वारे न्यारे
सुनो बाबा लखदातार मेरे कर दो वारे न्यारे

मुझे ऐसा हुनर सीखा दो तुमको मैं खूब रिझाऊं
अपने भजनो से बाबा तुमको मोहित कर पाऊं
मानूंगा आभार मेरे कर दो वारे न्यारे
सुनो बाबा लखदातार मेरे कर दो वारे न्यारे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-%e0%a4%b2%e0%a4%96%e0%a4%a6%e0%a4%be%e0%a4%a4%e0%a4%be%e0%a4%b0-by/